फाइल नं0-71-3002(002)/17/2024-03

133/2026/।/1440792/2026

प्रेषक,

हरीश कुमार,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 21 अगस्त, 2026

विषय:- वित्तीय वर्ष 2026-27 में जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर एवं हृदय रोग संस्थान कानपुर हेतु उपकरणों एवं फर्नीचरों के क्रय के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र दिनॉक 14.07.2026 (प्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर एवं हृदय रोग संस्थान कानपुर हेतु अनुदान संख्या - 31 के अन्तर्गत मानक मद- 26- मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र में उक्त संस्थाओं हेतु कुल प्राविधानित धनराशि रू0 2000.00 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर एवं हृदय रोग संस्थान कानपुर हेतु अनुदान संख्या-(31 के अन्तर्गत मानक मद- 26- मशीनें और सज्जा/उपकरणों और संयंत्रों की सूची (**संलग्नक के अनुसार**) को अनुमोदित करते हुए उक्त मद में प्राविधानित धनराशि रू0 2000.00 लाख के सापेक्ष रू0 2000.00 लाख (रूपये बीस करोड़ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

<u>नियम व शर्तें / प्रतिबन्ध</u>

1. प्रश्नगत उपकरणों का क्रय एम0सी0आई0 के मानकों के अनुरूप किया जायेगा तथा प्रश्नगत उपकरणों के मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की होगी।
2. डुप्लीकेसी से बचने हेतु उपकरण क्रय करने से पूर्व सत्यापित करा लिया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि उपकरण की वास्तविक रूप से आवश्यकता है।
3. यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रश्नगत उपकरण की स्थापना हेतु स्थान, भवन आदि उपलब्ध है तथा संचालन हेतु मानव संसाधन उपलब्ध है।
4. स्वीकृत धनराशि से उन्हीं उपकरणों का क्रय किया जायेगा जिसके स्पेसिफिकेशन उपलब्ध हो।
5. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण तभी किया जायेगा, जब उपकरण क्रय सम्बन्धी समस्त औपचारिकतायें की पूर्ति कर ली जाए।
6. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण कोषागार से वास्तविक आवश्यकतानुसार तभी किया जायेगा, जबकि उपकरणों के क्रय की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हो जाए। स्वीकृत की जा रही धनराशि पी0एल0ए0/बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

7. उपकरणों के क्रय में 05 वर्ष की वारण्टी/ सी0एम0सी0/ई-प्रोक्योरमेन्ट में इस बिन्दु को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय।

8. उपकरण/संयत्र के क्रय में सुसंगत वित्तीय नियमों, उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट आफ गुड्स) 2016 के प्राविधानों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा निर्गत ई-टेण्डर/ई-प्रोक्योरमेन्ट/गवर्मेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) पोर्टल से सम्बन्धित शासनादेशों का पूर्णत: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

9. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार एवं व्यय नियमानुसार किया जायेगा तथा इसका उपयोग उन्हीं कार्य/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किसी अन्य कार्य/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

10. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग सुसंगत वित्तीय नियमों एवं समय-समय पर जारी किये गये शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

11. वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनॉक 07 जून, 2022 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय रू0 2000.00 लाख (रूपये बीस करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष 2026-27 में जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर(लेखा शीर्षक-4210031052226) एवं हृदय रोग संस्थान कानपुर(लेखा शीर्षक-4210031054426) हेतु अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद-26- मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दश-2026-231/2026, दिनांक 28.03.2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत् प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(हरीश कुमार)
उप सचिव।

संख्या/तद्दिनांक, उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर/ हृदय रोग संस्थान, कानपुर।
4. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर/ हृदय रोग संस्थान, कानपुर।
6. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(हरीश कुमार)
उप सचिव।

हृदय रोग संस्थान, कानपुर-

वित्तीय वर्ष 2026-27 अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद-26 मशीनें और सज्जा उपकरण और संयंत्र मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष क्रय किये जाने हेतु उपकरणों की सूची:-

क्र0सं0	विभाग का नाम	उपकरण का नाम	क्रय की आवश्यक मात्रा	प्रतिनग अनुमानित मूल्य (05 वर्ष की वारण्टी के साथ)	कुल अनुमानित मूल्य (05 वर्ष की वारण्टी के साथ)	शा0दि0 01.08.2025 एवं 28.03.2026 द्वारा स्वीकृत तकनीकी विशिष्टियों में उपकरण उपलब्ध/अनुपलब्ध की सूचना	शा0दि0 01.08.2025 एवं 28.03.2026 द्वारा स्वीकृत तकनीकी विशिष्टियों में उपकरण का अनुमानित मूल्य	तकनीकी विशिष्टियों के सापेक्ष ओईएम के नाम व संख्या	मैनपावर व स्थान की उपलब्धता
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*	*8*	*9*	*10*
1	समस्त विभागों हेतु	हाई एण्ड मॉनीटर	40	7.00	280.00	उपलब्ध	6-7 लाख	1. विप्रो जी0ई0 2. सिस्म्ड 3. फिलिप्स 4. एलाइड मेडिकल	उपलब्ध
2	समस्त विभागों हेतु	हाई एण्ड आई0सी0यू0 वेन्टीलेटर	10	16.00	160.00	उपलब्ध	18-20 लाख	1. TECME 2. Hemilton 3. Sysmed	उपलब्ध
3	समस्त विभागों हेतु	हर्ट-लंग मशीन-एडवान्स इसेन्सियल माडल विद हीटर कूलर यूनिट मशीन	1	320.00	320.00	उपलब्ध	उक्त सन्दर्भित शासनादेश के साथ संलग्न तकनीकी विशिष्टियों की सूची में मूल्य अंकित नही	1. Terumo 2. Spectrum medical	उपलब्ध
4	समस्त विभागों हेतु	इन्ट्रा एरोटिक बैलून पम्प (आईएवीपी)	4	60.00	240.00	उपलब्ध	उक्त सन्दर्भित शासनादेश के साथ संलग्न तकनीकी विशिष्टियों की सूची में मूल्य अंकित नही	1. Getting 2. Teleflex	उपलब्ध

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

जे0के कैंसर संस्थान, कानपुर-

वित्तीय वर्ष 2026-27 अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद-26 मशीनें और सज्जा उपकरण और संयंत्र मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष क्रय किये जाने हेतु उपकरणों की सूची:-

क्र0सं0	विभाग का नाम	उपकरण का नाम	क्रय की आवश्यक मात्रा	प्रतिनग अनुमानित मूल्य (05 वर्ष की वारण्टी के साथ)	कुल अनुमानित मूल्य (05 वर्ष की वारण्टी के साथ)	शा0दि0 01.08.2025 एवं 28.03.2026 द्वारा स्वीकृत तकनीकी विशिष्टियों में उपकरण उपलब्ध/अनुपलब्ध की सूचना	शा0दि0 01.08.2025 एवं 28.03.2026 द्वारा स्वीकृत तकनीकी विशिष्टियों में उपकरण का अनुमानित मूल्य	तकनीकी विशिष्टियों के सापेक्ष ओईएम के नाम व संख्या	मैनपावर व स्थान की उपलब्धता
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*	*7*	*8*	*9*	*10*
1	रेडियो-थेरेपी	HDR Brachytherapy with Cobalt 60 Source	1	7.00 करोड़	7.00 करोड़	उपलब्ध	8.20 करोड़	1. Elekta Medical System India Pvt. Ltd. 2. BEBIG MEDICAL GERMANY	उपलब्ध
2	रेडियोथेरेपी	Radiotherapy Simulator	1	3.00 करोड़	3.00 करोड़	उपलब्ध	3.70 करोड़	1. Panacea Medical Technologies Pvt.Ltd.	उपलब्ध

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।